**13/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष अलंकरण समारोह में वर्ष 2024-25 के लिए एक सौ पंद्रह कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप और पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक एवं जनजातीय कला, कठपुतली, पारंपरिक रंगमंच तथा अन्य संबद्ध कला क्षेत्रों में उत्कृष्ट और निरंतर योगदान को मान्यता देते हैं। अरुणाचल प्रदेश से दोमिन कारबाक को स्वदेशी सांस्कृतिक विरासत तथा पारंपरिक कला रूपों के संरक्षण और संवर्धन के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, रूमी ताकी को लोक रंगमंच और पारंपरिक लोक नृत्य के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार प्रदान किया गया।

000000000000000000000000000

असम के मुख्यमंत्री हिमोंतो बिस्वा सरमा ने असम और अरुणाचल प्रदेश के लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। सोशल मीडिया पोस्ट में असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों के बीच का संबंध सीमाओं से कहीं आगे है। पीढ़ियों से दोनों राज्यों के लोग प्रेम और आपसी सम्मान के साथ मिलजुल के रहते आए हैं।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों राज्यों ने संवाद और मैत्रीपूर्ण भावना के माध्यम से सीमा से जुड़े अधिकांश मतभेदों का समाधान किया है। अब केवल बावन गांव शेष हैं और दोनों राज्य की सरकारें इसी भावना के साथ बातचीत जारी रखते हुए सीमा विवाद को पूरी तरह सुलझाने का प्रयास करेंगी। इधर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने इस बयान का स्वागत करते हुए कहा कि मतभेदों का समाधान हमेशा संवाद, आपसी समझ और शांतिपूर्ण तरीकों से किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी से अपील की है कि मतभेदों को असम और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को जोड़ने वाले मजबूत संबंधों पर हावी न होने दें। इस बीच, बुधवार को अरुणाचल प्रदेश के ईस्टर्न और वेस्टर्न हिस्सों की ओर जाने वाले प्रवेश जांच द्वारों पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांदू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार के अंतर्गत ग्रूप A, B और C के सभी Direct Recruitment Posts के लिए एक समान पात्रता मानदंड लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी। इसके तहत आवेदकों के लिए तीन अनिवार्य शर्तें तय की गई हैं जिनमें स्थायी निवास, Indigenous/APST यानी राज्य के मूल निवासी एवं APST की पात्रता, और Indigenous Tribal Language यानी

स्थानीय जनजातीय भाषा का ज्ञान शामिल हैं। कैबिनेट ने प्रिंसिपल और DDSE के पदों पर पदोन्नति के लिए एक बार की विशेष छूट के तहत दो वर्ष की Service Relaxation को भी मंजूरी दी है। इसके अलावा, PWD के Executive Engineer से Superintending Engineer के पद पर पदोन्नति के लिए भी एक बार की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने Agriculture Department में Senior Statistical Assistants तथा DIPR यानी Department of Information and Public Relations में Field Publicity Assistants से संबंधित Recruitment Rules में संशोधन को भी मंजूरी दी है।

000000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज नामसाई के नोंगताव में निर्माणाधीन महाबोधि कौशल विकास केंद्र के कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विहार और एक सौ आठ फुट ऊंची भगवान बुद्ध की प्रतिमा आध्यात्मिक विकास तथा ताई खामती संस्कृति और विरासत के संरक्षण के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने नामसाई स्थित महाबोधि लॉर्ड बुद्धा कॉलेज में सौ बौद्ध भिक्षुओं के लिए निर्माणाधीन महाबोधि मोंक्स हॉस्टल की प्रगति की भी समीक्षा की।

000000000000000000000000000

पासिघाट उपायुक्त कार्यलय कॉनफ्रेंस हॉल में आज महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े प्रमुख कानूनों पर एक दिवसीय District-level Awareness-cum-Sensitisation Programme आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन Department of Women and Child Development के अंतर्गत Deputy Director ICDS-cum-Protection Officer, PWDVA द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने प्रतिभागियों से अपील की है कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियों को अपने कार्यालयों के साथ-साथ स्थानीय समुदायों तक भी सक्रिय रूप से पहुंचाएं।

0000000000000000000000000

GEMS of India Initiative को लेकर आज चांगलांग ज़िले में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला DIET Changlang, Government Higher Secondary School Changlang और Rang Frah College Changlang में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को GEMS of India initiative के बारे में जागरूक करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के Creator Challenge में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना था।

0000000000000000000000000

1 Arunachal Pradesh Battalion NCC द्वारा आयोजित दो दिवसीय Blood Donation Awareness Rally आज संपन्न हुआ। कार्यक्रम का अंतिम चरण आर के मिशन हॉस्पिटल, ईटानगर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के साथ संपन्न हुआ। इस रैली और रक्तदान शिविर का उद्देश्य लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और विशेष रूप से युवाओं को आगे आकर इस जीवनरक्षक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

0000000000000000000000000

हर घर तिरंगा अभियान और स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत आज देओमाली में भव्य तिरंगा रैली आयोजित की गई। रैली में जनता की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम में एक विशेष बाइकर्स रैली भी आयोजित की गई। इसके अलावा, विद्यार्थियों ने एक सौ पचास मीटर लंबे राष्ट्रीय ध्वज को गर्व के साथ लेकर General Ground से NCI Bridge तक तिरंगा यात्रा में भाग लिया।

0000000000000000000000000